# सगवाल ग्राम पंचायत में स्वच्छता-विकास कार्य ठप





**सरदारपुर।** जनपद पंचायत सरदारपुर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सगवाल में इन दिनों व्यवस्थाएं पूरी तरह पटरी से उतर चुकी हैं। गांव के मुख्य रास्तों और रहवासी इलाकों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जलजमाव और कचरे के ढेर के कारण स्थानीय लोगों का जीना मुहाल हो गया है, जिससे संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा लगातार बढ़ रहा है।

सूत्रों के अनुसार, इस दुर्दशा का मुख्य कारण पंचायत सचिव की लापरवाही और उन पर काम का अत्यधिक बोझ है। वर्तमान में सगवाल के सचिव के पास अपनी मूल पंचायत के साथ-साथ ग्राम पंचायत सगवाल का भी अतिरिक्त प्रभार है। दो-दो पंचायतों का कार्यभार होने के कारण सचिव दोनों ही पंचायतों को पर्याप्त समय नहीं दे पा रहे हैं। नतीजा यह है कि पंचायतों में नियमित बैठकें, साफ-सफाई की निगरानी और बुनियादी विकास कार्य पूरी तरह से प्रभावित हो चुके हैं। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि अपनी समस्याओं को लेकर जब वे पंचायत भवन पहुंचते हैं, तो जिम्मेदार अधिकारी नदारद मिलते हैं।

**पानी की टंकी के पास कचरे का ढेर**-ग्राम पंचायत सगवाल से सामने आई एक तस्वीर वहां के हालातों को साफ बयां कर रही है। गांव के बीचो-बीच स्थित पानी की टंकी के पास खाली पड़े भूखंड पर बदबूदार पानी जमा है, जिसमें भारी मात्रा में प्लास्टिक और घरेलू कचरा तैर रहा है। स्थिति चिंताजनक है, जहां एक तरफ ग्रामीणों के पीने के पानी की टंकी है, ठीक उसी के पास इस तरह गंदगी और जलजमाव का होना जनस्वास्थ्य के साथ बड़ा खिलवाड़ है। इस गंदगी के बीच आवारा पशु घूम रहे हैं। यह नजारा साफ तौर पर दर्शाता है कि पंचायत स्तर पर स्वच्छता अभियान केवल कागजों तक ही सीमित रह गया है।

विधायक प्रताप ग्रेवाल का कुशल नेतृत्व और जनता के लिए दिन-रात सेवाएक तरफ जहां जमीनी अमला सुस्त नजर आ रहा है, वहीं दूसरी तरफ क्षेत्रीय विधायक प्रताप ग्रेवाल के कुशल नेतृत्व में सरदारपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। अपनी सादगी और कर्मठता के लिए पहचाने जाने वाले विधायक प्रताप ग्रेवाल दिन-रात क्षेत्र की जनता की सेवा में तत्पर रहते हैं।

जनता की छोटी से छोटी समस्या का तुरंत निराकरण करना और हर सुख-दुख में साथ खड़े रहना विधायक ग्रेवाल की दिनचर्या का हिस्सा है।

उनके कुशल मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि क्षेत्र में जनहित की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंच रहा है। क्षेत्र की जनता का कहना है कि विधायक जी हमेशा जनता के अधिकारों के लिए सड़क से लेकर सदन तक आवाज उठाते हैं और उनके इस अथक परिश्रम से सरदारपुर विकास की राह पर अग्रसर है।

# माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष बने मनोज सोमानी

**सरदारपुर।** अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा एवं प्रादेशिक पश्चिमांचल माहेश्वरी महासभा के अंतर्गत धार जिला माहेश्वरी सभा के त्रैवार्षिक चुनाव बुधवार को घाटाबिल्लौद के एक निजी गार्डन में घाटाबिल्लौद में सर्वसम्मति के साथ संपन्न हुए। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान निर्धारित पदों के लिए प्राप्त आवेदनों के अतिरिक्त अन्य कोई आवेदन प्राप्त नहीं होने के कारण पूरी निर्वाचन प्रक्रिया सर्वसम्मति से निर्विरोध संपन्न हुई। यह निर्वाचन प्रक्रिया समाज के वरिष्ठ परामर्शदाता घनश्याम जाजू, मुख्य चुनाव अधिकारी प्रमोद शारदा, सहायक निर्वाचन अधिकारी कपिल माहेश्वरी एवं पर्यवेक्षक गिरधर शारदा के कुशल निर्देशन में विधिपूर्वक संपन्न कराए गए।

निर्वचन प्रकिया के पूर्व अतिथियों द्वारा भगवान महेश के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर निर्वाचन प्रक्रिया शुरू की। पश्चात चुनाव अधिकारी द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया की पूर्ण जानकारी दी। उसके बाद सदन में ध्वनि मत से निर्विरोध अध्यक्ष पद के लिए मनोज सोमानी बदनावर मनोनीत किए गये वही सचिव पद पर मनोज पलोड राजगढ़ को नियुक्त किया गया नवगठित कार्यकारिणी में समाज के वरिष्ठ एवं ऊर्जावान सदस्यों को विभिन्न दायित्व सौंपे गए हैं।

## माहेश्वरी समाज की नई कार्यकारिणी का गठन

वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर संदीप झंवर गुड्डू बाग, उपाध्यक्ष पद पर उमाकांत चांडक टांडा, संजय सत्यनारायण अगाल बाग, संगठन मंत्री पद पर दिलीप बाहेती, कोषाध्यक्ष पद पर मधुसूदन बाहेती राजोद, संयुक्त सचिव पद पर दीपक चांडक एवं प्रचार मंत्री पद पर कमल धुत धार मनोनीत किए गए। वही धार जिला माहेश्वरी सभा के साथ-साथ अखिल भारतीय माहेश्वरी सभा और पश्चिमांचल प्रादेशिक स्तर पर भी समाजजनों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई, जिसमें अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा हेतु प्रतिनिधि पद पर जय तापड़िया बाग को मनोनीत किया गया, तथा पश्चिमी मध्यप्रदेश प्रादेशिक माहेश्वरी सभा हेतु कार्यसमिति सदस्य रोहित झंवर बाग, कार्यकारी मंडल सदस्य पद पर शैलेंद्र लड्ढा सुसारी, राजेश अगाल पीथमपुर, श्याम भांगड़िया सागौर, प्रहलाद आगीवाल धामनोद, एवं प्रदीप अगाल बाग मनोनीत किए गए। जिला कार्यकारिणी के निर्विरोध निर्वाचन पर समाज के वरिष्ठजनों, मातृशक्ति और युवा संगठन ने शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का पुष्पहारों से स्वागत किया। समाजजनों ने विश्वास जताया है कि नई टीम के नेतृत्व में धार जिले में माहेश्वरी समाज सेवा और संगठन के नए आयाम स्थापित करेगा। कार्यक्रम का संचालन रोहित झंवर बाग ने किया, स्वागत भाषण निवर्तमान अध्यक्ष नारायण लड्ढा ने दिया। आभार समाज के वरिष्ठ परामर्शदाता घनश्याम जाजू घाटाबिल्लौद ने माना। जानकारी जिला मीडिया प्रभारी सुनील माहेश्वरी रिंगनोद ने दी।

## एक नजर में

### दसई में नशे से दूरी...जागरूकता कार्यक्रम



**सरदारपुर** । दसई चौकी प्रभारी दिनेश सिंह यादव और प्रधान आरक्षक भारत वसुनिया, राधेश्याम अलसे की मौजूदगी में हुए इस कार्यक्रम में छात्र को नशे के खतरनाक सामाजिक, मानसिक, शारीरिक और आर्थिक दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से समझाया गया। चौकी प्रभारी ने 250 स्कूली छात्रों को बताया कि नशा न सिर्फ एक व्यक्ति को बर्बाद करता है, बल्कि पूरे परिवार, समाज और देश की तरक्की को रोक देता है। साथी स्कूल में बच्चों को शॉर्ट फिल्म भी दिखाई गईझ्र कार्यक्रम के दौरान चौकी प्रभारी ने विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया। उन्हें स्वस्थ व अनुशासित जीवन जीने और अपने आसपास के लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके बाद सभी छात्रों को नशामुक्त भारत के निर्माण में अपना योगदान देने के लिए सामूहिक शपथ दिलाई गई।

### वरिष्ठ भाजपा नेत्री रेलम चौहान पंचतत्व में विलीन



**कुक्षी।** भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेत्री नगर परिषद की अध्यक्ष रेलम चौहान के निधन पर क्षेत्र के भाजपाइयों के साथ-साथ नगर के गणमान्य जनों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की. लंबे समय से बीमार चल रही श्रीमती चौहान के निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। शुक्रवार को भैरव नगर स्थित उनके निजी निवास स्थल से श्रीमती रेलम चौहान की अंतिम यात्रा शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई नगर परिषद कार्यालय पहुंची. इस दौरान रास्ते भर विभिन्न सामाजिक, व्यापारिक और धार्मिक संगठनों ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी . श्रीमती चौहान की अंतिम यात्रा में दलगत राजनीति से ऊपर उठकर राजनीतिक दलों के नेताओं ने हिस्सा लिया. अंतिम यात्रा में मंत्री नागर सिंह चौहान,सांसद गजेंद्र पटेल,पूर्व विधायक वेलसीह भूरिया,मुकाम सिंह निगवाल, प्रदेश भाजपा महामंत्री सुमेर सिंह,मंत्री निर्मला भूरिया,पूर्व कांग्रेस विधायक मुकेश पटेल,जयदीप पटेल,जिला भाजपा अध्यक्ष चंचल पाटीदार,नगर मंडल अध्यक्ष युवराज सेप्टा,पूर्व मुकामसिंह किरा?,भाजपा नेता वीरेंद्र बघेल, झाबुआ नगर पालिका उपाध्यक्ष बिट्टू यादव, सुरेंद्र दुबे पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष झाबुआआदि क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि, संगठन पदाधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक शामिल हुए.इनका अंतिम संस्कार नर्मदा तट कोटेश्वर में किया गया।

### महू में दो अलग-अलग स्थान से निकलीं रथ यात्राएं

**महू.** शहर में गुरुवार शाम को भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा अत्यंत हर्षोल्लास और भक्तिमय माहौल में निकाली गई. इस वर्ष महू वासियों को दोहरा सौभाग्य मिला, जहां शहर के दो अलग-अलग स्थानों से भगवान जगन्नाथ की दो भव्य यात्राएं शुरू हुईं. इनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर पुण्य लाभ कमाया. पहली यात्रा श्री सनातन धर्म गोपाल मंदिर उत्सव समिति के तत्वावधान में निकाली गई, इसमें गोपाल जी महाराज भव्य डोल में विराजमान हुए. समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्र अग्रवाल और सचिव विजय शर्मा ने बताया कि यात्रा मंदिर प्रांगण से शुरू होकर मुख्य बाजारों से गुजरी. भजन-कीर्तन और जीवंत झांकियों के बीच, इस बार बच्चों ने रथ खींचकर अपना उत्साह दिखाया. दूसरी यात्रा कृषि विहार कॉलोनी स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर से प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भव्य एवं दिव्य रथ यात्रा श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ निकाली गई. रथ में भगवान श्री जगन्नाथ, बड़े भ्राता बलदाऊ, बहन सुभद्रा एवं सुदर्शन जी दिव्य 'नंदी घोष' रथ में विराजमान होकर भक्तों को दर्शन देते हुए नगर भ्रमण पर निकले. यह भव्य रथ यात्रा सुसज्जित घोड़ों, आकर्षक बैंड-बाजों, भजन मंडलियों एवं जय जगन्नाथ के गगनभेदी उद्घोष के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई.

### श्री चक्की वाले महादेव की भव्य पालकी यात्रा 3 अगस्त को

**महू.** धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा अनुसार, इस वर्ष भी आगामी 3 अगस्त सोमवार को दोपहर 4 बजे से श्री चक्की वाले महादेव जी की भव्य पारंपरिक राजसी पालकी यात्रा निकाली जाएगी. भक्त मंडल एवं सेवा समिति द्वारा आयोजित इस दिव्य आनंद उत्सव को लेकर तैयारियां युद्ध स्तर पर की जा रही हैं. इस वर्ष की पालकी यात्रा श्रद्धालुओं के लिए बेहद खास और ऐतिहासिक होने जा रही है. आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि महू के इतिहास में पहली बार विशेष आकर्षण के रूप में भगवान भोलेनाथ भक्तों को पांच अलग-अलग दिव्य स्वरूपों में दर्शन व आशीर्वाद प्रदान करने पधार रहे हैं. राजाधिराज महादेव चक्की वाले महादेव मंदिर से भव्य पालकी में सवार होकर अपनी प्रजा का हाल जानने निकलेंगे.

# क्षत्रिय मराठा समाज कार्यकारिणी का गठन

**धार। पिछले सप्ताह श्रेय क्षत्रिय मराठा समाज के समाज भवन में आयोजित बैठक में समाज सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अशोकराव साकोरे को अध्यक्ष और एडवोकेट संभाजीराव गावड़े को कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया गया।**



बताया जा रहा है कि अध्यक्ष साकोरे द्वारा समाज भवन में एक बैठक आयोजित कर अपनी कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से मनोनयन कर किया। समाज की पूरी कार्यकारिणी में अध्यक्ष अशोकराव साकोरे कार्यकारी अध्यक्ष संभाजी राव गावड़े, उपाध्यक्ष अरुण मोहिते, सचिव चेतन राव पवार, सह सचिव विक्रम रौंधले (बाला) , कोषाध्यक्ष दीपक कराळे, सह कोषाध्यक्ष जतिन कराले, आडिटर रुपेश सूर्वे, मीडिया प्रभारी विजय शिन्दे नियुक्त किए।

कार्यकारिणी सदस्य के रुप में हेमंत भोसले, सयाजीराव मोहिते, अंकुर बांगर, पंकज मुरमकर, वीरेंद्र मानकर, कुणाल मुखेकर, यशवंत निकम, पियुष गायकवाड़, सुनिल जगताप, अतुल काल भवर, ललित गायकवाड़, हेमंत महाड़िक, पुनित शिवले, दिलीप राव पिपरकर रहेंगे। अध्यक्ष द्वारा अपने उद्बोधन में कार्यकारिणी सदस्यों को संबोधित करते हुए दायित्व का निर्वाह करने, समाज की उन्नति एवं एकजुटता, समाज को मजबूत बनाने, युवाओं को समाज से जोड़ने और समाज सेवा के लिए आग्रह किया। समाज सदस्य और पूर्व कार्यकारिणी पदाधिकारी और अन्य मौजूद रहे।

# शंकरलाल मारू लाड़ना बने जिला मीडिया प्रभारी

**सरदारपुर।** ग्राम कोद में अखिल भारतीय मारु कुमावत समाज के स्वागत और सम्मान समारोह किया गया। इसके पश्चात समाज संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में निर्णय लेते हुए सरदारपुर मोयाखेड़ा निवासी शंकरलाल मारू लाडना को जिला मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई।

लोगों ने विश्वास व्यक्त किया कि वह समाज के गतिविधियों का सामाजिक कार्यक्रमों व जनहित के कार्य को प्रभावी ढंग से मीडिया के माध्यम से जन जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। शंकरलाल मारु लाडना का जिला मीडिया प्रभारी नियुक्ति करने पर समाज के युवाओं एवं वरिष्ठ जनों ने मारु को बहुत-बहुत बधाई दी। समाज संगठन में तीन पत्रकार साथियों को मिली जिम्मेदारी पत्रकार दीपक पिता भागीरथ चोधरी भोपावर, पत्रकार गणेश लाबरीया इनको मिली मीडिया की जिम्मेदारी संगठन में कुल 25 पदाधिकारी को दी गई है।

# पत्नी को लेने पहुंचा पति, विवाद के बाद संदिग्ध मौत

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** बड़गोंदा थाना क्षेत्र के निसर्ग फार्म हाउस में दूसरे व्यक्ति के साथ रह रही पत्नी को लेने पहुंचे 45 वर्षीय व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई. आरोप है कि पत्नी के साथ रह रहे व्यक्ति से विवाद के बाद उसके साथ मारपीट की गई. अगले दिन उसे अचेत अवस्था में अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया.

मृतक की पहचान 45 वर्षीय राजू बामनिया के रूप में हुई. वह शुक्रवार को अपनी पत्नी को लेने निसर्ग फार्म हाउस पहुंचा था. उसकी पत्नी पहले से फार्म हाउस में काम करती थी और वहीं संतोष नामक व्यक्ति के साथ रह रही थी. रात में तीनों ने साथ भोजन किया, जिसके बाद किसी बात पर विवाद हो गया. आरोप है कि विवाद के दौरान राजू के साथ मारपीट की गई, इसके बाद वह वहीं सो गया. परिजनों का आरोप है कि शनिवार सुबह भी उसके साथ मारपीट हुई. दोपहर करीब तीन बजे जब उसे उठाया गया तो वह बेसुध मिला. उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार...**

बड़गोंदा थाना प्रभारी, प्रकाश वासकले ने इस संबंध में बताया कि मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजाहर है. रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा, उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी.

# सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में 3 अगस्त से सात दिवसीय शिवपुराण कथा



**धार।** सार्वजनिक महाशिवपुराण सप्त दिवासी सिद्धेश्वर महादेव मंदिर रतलाम रोड मुनीम जी गार्डन नौगांव धार में 3 से 9 अगस्त तक होगी। श्री गुजराती रामी माली समाज महिला समिति नौगांव धार के तत्वावधान मेंआयोजन किया जा रहा है।

आयोजक ने बताया कि संत मनमोहन कश्यप चिंतामन गणेश उज्जैन वाले इसका वाचन करेंगे। कलश यात्रा दिनांक 3 अगस्त को सुबह बजे से सिद्धेश्वर महादेव मंदिर रतलाम रोड नौगांव से साइ मंदिर, राम मंदिर, तुलसीदास मंदिर, हनुमान मंदिर, होते हुए मुनीम जी गार्डन रतलाम रोड पर जाएगी राधाबाई बोडाने द्वारा 121 कलश एवं नारियल नि:शुल्क दिया जाकर महिलाओं की कलश यात्रा निकाली जाएगी। महिला समिति द्वारा निवेदन किया गया कि ज्यादा से ज्यादा भक्त उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाना है इसी क्रम में 5 से 7 अगस्त 26 तक तीन दिवसीय नानीबाई का मायरा शाम 8 बजे से आयोजन भी रखा गया है।

आयोजन को सफल बनाने के लिए गत दिवस बैठक आयोजित कर महिला समिति का गठन किया गया अध्यक्ष का दायित्व। राधाबाई बोडाने को दिया गया उपाध्यक्ष विमलाबाई परमार, डालीबाई डोडिया, पप्पीबाई वाघेला, संगीता चावडा सचिव रेणुका हारोड़, रेखा टाकोलिया सह सचिव रामकन्या डोडिया कोषाध्यक्ष कंकूबाई चौहान, दुर्गाबाई मकवाना उप कोषाध्यक्ष शोभावती हारोड को दायित्व दिया गया। सदस्य में लीलाबाई बलराम, अवंतीबाई हरिकिशन, जस्सूबाई माली, केसरबाई राधाकृष्ण, मनु भाई बोडाने, नब्बूबाई जय राम चौहान, सुगना बाई पप्पू चौहान, सुगना बाई भगवान हारोड़ समस्त सदस्य श्री गुजराती रामी माली समाज महिला समिति की सदस्य रहेगी। बैठक में शैलेंद्र शर्मा, गेंदालाल टाकोलिया जीटी, लक्ष्मीनारायण चावडा, हेमराज मकवाना, प्रकाश डोडिया मोहनलाल जी डोडिया पहलवान, विष्णु राठौर, कैलाश जी वाघेला, नंदराम चावड़ा दिलीप हारोड उपस्थित होकर समस्त भक्तजनों से कार्यक्रम को सफल बनाने का अनुरोध किया। जानकारी गेंदालाल टाकोलिया एव लक्ष्मीनारायण चावडा ने दी।

# लोटस इंटरनेशनल के मिहिर यादव राज्य स्तरीय कराटे में अव्वल




**नागदा (धार)।** लोटस इंटरनेशनल स्कूल सादलपुर के क्लास 8वी के छात्र मिहिर कमलेश यादव ग्राम केसुर ने 69वीं राज्य स्तरीय शालेय कराटे प्रतियोगिता (अंडर-14 बालक वर्ग) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूरे मध्य प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस शानदार उपलब्धि के लिए मध्य प्रदेश शासन द्वारा छात्र को 10 हजार की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है।

यह उपलब्धि केवल विद्यालय की ही नहीं, बल्कि सभी अभिभावकों, विद्यार्थियों एवं पूरे धार क्षेत्र के लिए अत्यंत गर्व और सम्मान का विषय है। विद्यालय के डायरेक्टर्स जितेंद्र सिंह राजावत, राजेंद्र माहेश्वरी, देवराज प्रजापत आनंद प्रजापत द्वारा विजेता खिलाड़ियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि पर हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही कराटे कोचों के उत्कृष्ट मार्गदर्शन एवं समर्पित प्रयासों की भी सराहना करते हुए उनका आभार एवं धन्यवाद प्रेषित किया।

# छह माह से बंद सिटी बस सेवा पर बढ़ा विरोध

- मांगलिया-सांवेर-व्यासखेड़ी रूट पर नहीं चल रही बसें
- मजदूर, छात्र और अप-डाउन करने वाले यात्री परेशान

**इंदौर.** मांगलिया रेलवे ओवरब्रिज निर्माण के बीच पिछले करीब छह माह से मांगलिया-सांवेर और मांगलिया-व्यासखेड़ी रूट पर सिटी बस सेवा बंद होने से यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है. बसें बंद होने से अगरबत्ती फैक्ट्रियों में काम करने वाली महिला श्रमिकों, छात्र-छात्राओं और रोजाना इंदौर आने-जाने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है.

प्रदेश किसान कांग्रेस के महासचिव हंसराज मंडलोई ने आरोप लगाया कि ओवरब्रिज निर्माण के कारण ग्रामीण पहले ही लंबा चक्कर लगाने को मजबूर हैं. अब सिटी बस सेवा बंद होने से लोगों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं. उनका कहना है कि सिंगापुर टाउनशिप मार्ग पर लगातार लगने वाले जाम के कारण बस संचालकों ने इस रूट पर संचालन बंद कर दिया.

## एक नजर में

ऐतिहासिक नगरी धार में रचा गया नया इतिहास, उमड़ा आस्था का समूह, जय जगन्नाथ के उद्घोष से गुंजायमान हुई राजा भोज की नगरी

# भोजशाला से सांवरिया सेठ मंदिर तक निकली भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा





**धार।** ऐतिहासिक और सांस्कृतिक नगरी धार में कल वह ऐतिहासिक और अभूतपूर्व दृश्य देखने को मिला, जिसे वर्षों-वर्ष तक याद रखा जाएगा। राजा भोज की इस पवित्र धरा पर धर्मप्रेमी जनता ने आस्था और भक्ति का एक ऐसा नया इतिहास रच दिया, जिसने उड़ीसा के पुरी में निकलने वाली विश्वप्रसिद्ध रथयात्रा की जीवंत याद दिला दी। मौका था श्री सांवरिया सेठ भक्त मंडल द्वारा आयोजित भगवान जगन्नाथ की भव्य और ऐतिहासिक रथयात्रा का। जैसे ही महाप्रभु का रथ आगे बढ़ा, पूरी नगरी जय जगन्नाथ, जय जगन्नाथ के गगनभेदी उद्घोष से सराबोर हो उठी।

भोजशाला से शुरू हुआ दिव्य सफर, छप्पन भोग के बाद खींची गई। रथयात्रा का शुभारंभ ऐतिहासिक भोजशाला मंदिर से हुआ। यात्रा प्रारंभ होने के पूर्व भगवान श्री जगन्नाथ जी, भ्राता बलभद्र और बहन सुभद्रा के दिव्य विग्रहों को विधि-विधान से विराजित कर महाप्रभु को छप्पन भोग अर्पित किए गए। इसके पश्चात वैदिक मंत्रोचार के साथ भव्य महाआरती संपन्न हुई।

इस महाआरती में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री एवं धार महू क्षेत्र की सांसद सावित्री ठाकुर तथा भाजपा जिलाध्यक्ष निलेश भारती उपस्थित थे। उनके साथ सांवरिया सेठ भक्त मंडल के अध्यक्ष श्री स्वयं प्रकाश सोनी अध्यक्ष, श्रीमती सरोज स्वयं प्रकाश सोनी अध्यक्ष, रथयात्रा संयोजक पंडित संतोष पांडे, श्रीमती मीरा पांडे, रथयात्रा प्रभारी पंडित अशोक मनोहर जोशी, श्रीमती सोनिया जोशी, मीडिया प्रभारी डॉ. अशोक शास्त्री, श्रीमती सरिता शास्त्री, समिति के श्री ओमप्रकाश सोलंकी, श्रीमती विजय रानी सोलंकी, श्री अरविंद बोरदिया और श्री मनीष दुबे ने महाप्रभु मनसूत प्रभु जी की पावन उपस्थिति में आरती उतारी। तत्पश्चात रथ के आगे श्रीफल फोड़कर रथयात्रा का मंगल शुभारंभ किया गया। रथ यात्रा में अपार जनसमूह मौजूद रहा।

### रथ पे बैठे जगत के स्वामी, संग सुभद्रा बलदाऊ

भक्त खींचते डोर प्रेम की, हृदय उमड़ आए भाव। नन्हे कलाकार का लघु रथ बना विशेष आकर्षण इस बार की रथयात्रा का सबसे भावुक और अद्भुत आकर्षण सांवरिया सेठ भक्त मंडल के सदस्य पीयूष वैष्णव के नन्हे सुपुत्र द्वारा अपने हाथों से बनाया गया भगवान जगन्नाथ का एक छोटा सा रथ था। यह लघु रथ मुख्य रथ के आगे-आगे चल रहा था। जब वह छोटा बालक अपनी नन्हीं हथेलियों से उस रथ को खींच रहा था, तो हर राहगीर की नजरें ठहर गईं। लोग इस नन्हे कलाकार की कलाकृति को निहारने और उस बालक के साथ फोटो खिंचवाने के लिए खासे उत्साहित नजर आए।